इंडिया टुडे की स्पेशल दस एपिसोड की सीरीज़ में शामिल हुआ द संस्कार वैली स्कूल

देश के 80 हजार प्राइवेट स्कूलों के बीच पढ़ाई को हैप्पीनेस के साथ पढ़ाने के लिए किया गया सम्मानित

सिटी रिपोर्टर | भोपाल

इंडिया टुडे टीवी के 'स्पेशल 10' एपिसोड टीवी सीरीज के 'ग्रेट इंडियन स्कूल्स' में भोपाल का द संस्कार वैली स्कूल (टीएसवीएस) शामिल किया गया। देश के 30 सिलेक्ट हुए स्कूलों में टीएसवीएस को भी इस स्पेशल एपिसोड सीरीज का हिस्सा बनाया गया। देश में करीब 80 हजार प्राइवेट स्कूल चल रहे हैं, जिनमें टीएसवीएस को एजुकेशन विद हैप्पीनेस इनडेक्स को कोर वैल्यू के तौर पर अपनाने और इस दिशा में काम करने को लेकर सम्मानित किया गया।

मिलता हैप्पी लर्निंग का माहौल

टीएसवीएस पर फीचर किया गया एपिसोड 11 नवंबर को शाम 5.30 बजे ऑनएयर होगा, जिसमें कैंपस स्टोरी समेत यहां के हैप्पी लर्निंग वातावरण को दर्शाया जाएगा। यह सीरीज 'ग्रेट प्लेस टू स्टडी' के साथ पर्टनरशिप में तैयार की गई है। जिसके तहत इंडिया के मोस्ट एक्साइटिंग स्कूलों को कवर किया गया। गौरतलब है कि, टीएसवीएस को हाल में प्रिस्टीजियस एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया रैंकिंग 2017 में तीसरे बेस्ट को-एड डे-कम-बोर्डिंग स्कूल का स्थान प्राप्त हुआ। फॉर्च्यून इंडिया की ओर से फ्यूचर 50 स्कूल शेपिंग सक्सेज के एलीट क्लब में शामिल किया गया और स्कूल को एक्सिलेंस इन इंटरनेशनल करिकुलम को अवॉर्ड किया गया।